SAMAGRA SHIKSHA – KERALA

# SECOND TERMINAL EVALUATION

## CHRISTMAS EXAM 2018–19

## HINDI

### CLASS VII

Year: 2018–19

Question Paper

*Exam-style edition • Original question paper • Red border*

**A**

## समग्र शिक्षा, केरल

**709**

## दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन 2018-19

**कक्षा - 7** **समय-2 घंटे**

---

> पंद्रह मिनिट का *कूल ऑफ टाइम* प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
> पाँच गतिविधियों में से किन्ही **चार** गतिविधियों का उत्तर लिखें ।
> **छठी** गतिविधि का उत्तर लिखना अनिवार्य है।

---

**गतिविधि 1**

**सूचना - कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

हार-जीत एक समान लो
एक मन से स्वीकार करो
आलस छोड़ो आगे बढ़ो
श्रम करो विजयी बनो
चुनौतियों को स्वीकार करो
विश्वास के साथ आग बढ़ो।

(क) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- केवल जीत को स्वीकारनेवाला विजयी बनता है।
- आलसी विजयी बनता है।
- परिश्रमी विजयी बनता है।
- चुनौतियों से डरनेवाला विजयी बनता है।

(ख) कवितांश के लिए शीर्षक लिखें

(ग) कवितांश का आशय लिखें।

**गतिविधि 2**

**सूचना - समाचार पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**प्रकृति की रक्षा बच्चों के हाथों में**

आलुवाः सरकारी यु पी स्कूल आलुवा के सभी बच्चे अपने घर के लिए ज़रूरी सब्जियाँ खुद उगाएँगे। इसके लिए छात्रों ने मिलकर 'हरितसेना' बनाई है। हरितसेना का उद्घाटन 31 दिसंबर 2018 को पंचायत अध्यक्ष करेंगे। इस अवसर पर सभी बच्चों को कृषि अफसर तरकारियों के बीज का वितरण करेंगे।

(क) हरित सेना का उद्घाटन कौन करेगा?

(अध्यापक, प्रधान अध्यापक, पंचायत अध्यक्ष, कृषि आफसर)

(ख) **हरित सेना** के उद्घाटन के लिए पोस्टर तैयार करें।

**गतिविधि 3**

**सूचना - खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

आजकल संचार माध्यमों का उपयोग समाज में बढ़ता जा रहा है। मोबाइल इसका सशक्त साधन है। बच्चे से लेकर बूढ़े तक मोबाइल का उपयोग करते हैं।

क) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

मोबाइल में केवल मनोरंजक कार्यक्रम होते हैं।

मोबाइल में केवल ज्ञानवर्धक कार्यक्रम होते हैं।

मोबाइल में ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक कार्यक्रम होते हैं।

मोबाइल में ज्ञानवर्धक या मनोरंजक कार्यक्रम नहीं होते।

ख) बिंदुओं की सहायता से **बच्चे और मोबाइल** विषय पर लघुलेख तैयार करें।

- मनोरंजक
- ज्ञानवर्धक
- सदुपयोग
- दुरुपयोग
- उपयोग में सतर्कता

**गतिविधि 4**

**सूचना - सूचना पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**सूचना**

प्यारे बच्चो, 12-12-2018

पिछले हफ़्ते हुए स्कूली चुनाव में सातवीं कक्षा का अमन स्कूल लीडर चुना गया है। आज शामको वह स्कूल लीडर के पद पर शपथ लेगा।

प्रधान अध्यापक

क) अमन किस दिन शपथ लेगा?

(बारह अगस्त, पंद्रह अगस्त, बारह दिसंबर, पंद्रह दिसंबर))

ख) शामको हुई शपथग्रहण सभा में अध्यापक और छात्रों ने अमन को बधाइयाँ दीं। उस दिन की अमन की **डायरी** लिखें।

**गतिविधि 5**

**सूचना - गद्‌यांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

सीटी बजी। सभी दौड़ पड़े। एक छोटा लड़का ठोकर खाकर गिरा और रो पड़ा। उसकी आवाज़ सुनकर सभी बच्चे मदद के लिए उसके पास आए। उनमें से एक बच्ची ने उसे अपने गले से लगाया और प्यार से चूम लिया।

क) सभी बच्चे छोटे लड़के के पास आए। क्यों?

(गिराने के लिए, रुलाने के लिए, मदद के लिए, देखने के लिए)

ख) बच्ची और छोटे लड़के के बीच का **वार्तालाप** आगे बढ़ाएँ।

बच्ची : रो मत, क्या हुआ?

छोटा लड़का : ....................................

....................................................

**गतिविधि 6**

**सूचना - कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

पेड़ पे बैठा ऊँघ रहा था
बंदर एक अकेला।
खेल खेल में बिना बात
बच्चे ने मारा ढेला।
ढेला लगा नहीं बंदर को
फिर भी वह घबराया।
देखा जब नीचे बच्चों को
मन ही मन मुसकाया।

ढेला - മൺകട്ട
ऊँघ रहा था - ഉറക്കം തൂങ്ങുകയായിരുന്നു

क) कौन ऊँघ रहा था?

( पेड़, बच्चा, बंदर, ढेला)

ख) बंदर के साथ कौन था?

( बंदर की पत्नी, पूरा परिवार, कोई नहीं, बंदर का बच्चा)

ग) कौन घबराया?

( बच्चा, बंदर, ढेला, पेड़)

घ) कविता में 'हँसा' के लिए किस शब्द का प्रयोग किया है?

( घबराया, ऊँघा, मुसकाया, मारा)

ङ) बंदर क्यों मुसकाया?

(ढेले को देखकर, सपना देखकर, बच्चों को देखकर, खेल देखकर)